प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आज जयपुर में मुख्यमंत्री कार्यालय में केबिनेट की बैठक हो रही है। केबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय होने की संभावना है। कई विभागों के कर्मचारियों के सेवानियमों में संशोधन, भूमि आंवटन और ऊर्जा क्षेत्र से जुडे प्रस्तावों पर मोहर लगने के आसार है। केबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद सचिवालय के कॉफ्रेंस हॉल में प्रेसवार्ता आयोजित की जायेगी।

0000

एक्सिओम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि वापसी यात्रा भारतीय समय के अनुसार आज शाम साढे चार बजे से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि मिशन के सदस्य कल दोपहर लगभग 3 बजे धरती पर पहुंच जाएंगे।

0000

भारत के विज्ञान की ऐतिहासिक उपलब्धि, चंद्रयान–3 ने आज अपने प्रक्षेपण के दो वर्ष पूरे कर लिए। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट ऊँचाई वाले क्षेत्रों में लैंडर और रोवर को स्थापित करना और संपूर्ण लैंडिंग और रोविंग क्षमताओं का प्रदर्शन करना था। वर्ष 2023 में आज ही के दिन, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो द्वारा विकसित एलवीएम3 एम4 रॉकेट ने चंद्रयान–3 को सफलतापूर्वक कक्षा में प्रक्षेपित किया था।

0000

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से विभिन्न स्थानो पर हल्की से मध्यम तो कहीं–कहीं भारी बारिश हुई है। पिछले 24 घंटों में 18 शहरों में भारी बारिश दर्ज की गयी। सबसे ज्यादा 198 मिलीमीटर बारिश कोटा के खातोली में हुई। कोटा अंचल में लगातार बारिश के बाद आज कोटा बैराज के 12 गेट खोलकर 2 लाख 2 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं चंबल की छोटी पुलिया पर यातायात रोक दिया गया है। बारां में भारी बारिश से नदी नाले उफान पर है। राजसमंद के प्रमुख बांधो में से एक बाघेरी नाका बांध पर **साढे तीन फीट की** चादर चल रही है। लगातार पानी की आवक होने से अब नंदसमंद बांध के भी छलकने की उम्मीद है। जिले के खमनोर क्षेत्र के मचींद गांव के ऊपरी क्षेत्र में भारी बारिश होने के कारण आज सुबह गांव में पानी आ जाने से घरों और दुकानों और बैंक कार्यालय में पानी भर गया है। पाली में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हैं। रेलवे स्टेशन पर पानी आने से दादर से बीकानेर जा रही रणकपुर एक्सप्रेस ट्रेन को 3 घंटे रोकना पडा। शहर की निचली बस्तियों में पानी भर गया। इधर राजधानी जयपुर में आज सुबह से मौसम सुहावना बना हुआ है। रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर ने आज राज्य के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। धौलपुर, भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर, अलवर, जयपुर, दौसा, टोंक, बूंदी, बारां, झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और जालौर सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। कोटा, उदयपुर और अजमेर संभागों में कल भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

00000

सावन के पहले सोमवार पर आज प्रदेशभर के शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। विभिन्न स्थानों से कांवडियों की टोलियां पवित्र स्थलों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक कर रही हैं। जयपुर के झारखंड और ताडकेश्वर महादेव मंदिर में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जारी है। भक्त बेलपत्र, धतूरा, गंगाजल, दूध, दही और पंचामृत से भगवान शिवजी की पूजा कर रहे है। ताड़केश्वर महादेव मंदिर में विशेष सजावट की गई है। मंदिर महंत ने बताया कि सुबह 3 बजे भगवान शिव का 151 किलो गाय के शुद्ध घी से अभिषेक कर पंचामृत से रुद्राभिषेक किया गया और मंदिर को 3 हजार 100 किलो आम से सजाया गया है। शाम को विशेष श्रृंगार किया जाएगा। जैसलमेर के

रामदेवरा में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन कर शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर रहे है।

0000

राज्य में आज विभिन्न जगहों पर वन महोत्सव मनाया जा रहा है। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत बाड़मेर ज़िले में जालीपा सैनिक छावनी में आज 76वां ज़िला स्तरीय वन महोत्सव आयोजित हुआ। इस दौरान बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया।

00000